Under CSR Support by ipca Foundation missiongyan LET'S LEARN TOGETHER

# अध्याय – 3 | बिंदु से परे एक दृष्टि

**QUIZ PART-16**

1. **पूर्णांक और भिन्नात्मक भाग को अलग करने के लिए किसका उपयोग किया जाता है?**
   A. दशमलव बिंदु
   B. गुणा चिह्न
   C. भाग चिह्न
   D. कोष्ठक (A)

*व्याख्या:* पूर्णांक भाग और भिन्नात्मक भाग को अलग पहचानने के लिए बिंदु (.) का प्रयोग किया जाता है, जिसे दशमलव बिंदु कहते हैं।

2. **4102 का दशमलव संकेतन क्या है?**
   A. 4.02
   B. 4.2
   C. 42
   D. 0.42 (B)

*व्याख्या:* 4102=4+0.2=4.2।

3. **7 सैकड़े और 5 इकाइयों का संख्या रूप क्या है?**
   A. 70.5
   B. 7.05
   C. 705
   D. 75 (C)

*व्याख्या:* 7 सैकड़े = 700 और 5 इकाइयाँ = 5। इसलिए 700+5=705।

4. **7 दहाई और 5 दशांश का दशमलव संकेतन क्या है?**
   A. 705
   B. 70.5
   C. 7.05
   D. 75.0 (B)

*व्याख्या:* 7 दहाई = 70 और 5 दशांश = 0.5। इसलिए संख्या 70.5 है।

5. **7 इकाई और 5 शतांश का दशमलव संकेतन क्या है?**
   A. 7.5
   B. 70.5
   C. 7.05
   D. 0.75 (C)

*व्याख्या:* 5 शतांश = 0.05। इसलिए 7 इकाई और 5 शतांश = 7.05।

6. **70.5 को कैसे पढ़ा जाता है?**
   A. सात दशमलव पाँच
   B. सत्तर दशमलव पाँच
   C. सात सौ पाँच
   D. सत्तर दशमलव शून्य पाँच (B)

*व्याख्या:* 70.5 को "सत्तर दशमलव पाँच" पढ़ते हैं।

7. **7.05 को कैसे पढ़ा जाता है?**
   A. सात दशमलव पाँच
   B. सत्तर दशमलव पाँच
   C. सात दशमलव शून्य पाँच
   D. सात सौ पाँच (C)

*व्याख्या:* दशमलव के बाद अंकों को क्रम से पढ़ा जाता है। इसलिए 7.05 को "सात दशमलव शून्य पाँच" पढ़ते हैं।

8. **0.274 को सही प्रकार से कैसे पढ़ेंगे?**
   A. शून्य दशमलव दो सौ चौहत्तर
   B. शून्य दशमलव दो सात चार
   C. शून्य दशमलव सत्ताईस चार
   D. दो सौ चौहत्तर दशमलव शून्य (B)

*व्याख्या:* दशमलव बिंदु के बाद अंकों को अलग-अलग पढ़ते हैं। इसलिए 0.274 को "शून्य दशमलव दो सात चार" पढ़ते हैं।

9. **0.274 में अंक 4 किस स्थान पर है?**
   A. इकाई
   B. दशांश
   C. शतांश
   D. सहस्रांश (D)

*व्याख्या:* दशमलव के बाद पहला स्थान दशांश, दूसरा शतांश और तीसरा सहस्रांश होता है। इसलिए 4 सहस्रांश के स्थान पर है।

10. **एक इकाई और 4 शतांश का दशमलव संकेतन क्या है?**
   A. 1.4
   B. 1.04
   C. 1.004
   D. 1.40 (B)

*व्याख्या:* 4 शतांश = 0.04। इसलिए 1+0.04=1.04।

मिशन ज्ञान जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App